प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर, एनडीए और इंडिया ब्लॉक के नेताओं का धुआंधार चुनाव प्रचार।
2. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के उपर धर्म– और जाति के आधार पर समाज को बांटने का लगाया आरोप। भाजपा का कांग्रेस पर आरोप, लोगों को झूठा आश्वासन देकर करती है गुमराह।
3. सीबीआई ने अवैध खनन के मामलों में साहिबगंज, पाकुड़ और राजमहल में कई ठिकानों पर की छापेमारी।
4. नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरू, कल होगा खरना का अनुष्ठान।

****************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। पक्ष और विपक्ष के स्टार प्रचारकों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। राज्य के कई जिलों में आज बीजेपी, कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारकों ने चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रांची और लोहरदगा में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। भाजपा ने यहां के लोगों के संपूर्ण विकास के उद्देश्य से झारखंड अलग राज्य बनाया था।

****************

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और जमशेदपुर में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार को माफियाओं और भ्रष्टाचारियों का संरक्षक करार दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की जहां जहां सरकार रही वहां लूट खसोट हावी रहा।

****************

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रांची के कांके में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर धर्म और जाति के नाम पर समाज का बांटने का आरोप लगाया।

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज चतरा के टंडवा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मनोज चन्द्रा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 नवंबर को फिर चुनावी दौरे पर झारखंड आयेंगे। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने रांची में पत्रकारों को यह जानकारी दी।

****************

भाजपा ने आज अपने 30 बागी नेताओं को पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण हुई है।

****************

महागठबंधन ब्लॉक ने आज घोषणा पत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, राजद के जयप्रकाश यादव और माले नेता शुभेंदु सेन की उपस्थिति में सात सूत्री

घोषणापत्र जारी किया। इस मौके पर श्री खरगे ने कहा यदि राज्य में इंडिया ब्लॉक की सरकार बनी तो प्रत्येक महिलाओं को दो हजार पांच सौ रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दस लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक व्यक्ति को हर महीने सात किलो राशन और एलपीजी सिलेंडर खरीदने के लिए चार सौ पचास रुपये दिए जाएंगे। राज्य के लोगों का पंद्रह लाख का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा और धान की सरकारी खरीद तीन हजार दो सौ प्रति क्विंटल दिया जाएगा। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने कहा कि हर जिले में एक विश्वविद्यालय के अलावा एक इंजीनियरिंग कॉलेज और एक मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

****************

पूरे प्रदेश में आज से 85 वर्ष से अधिक मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के वोट देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि इन दोनों श्रेणी के मतदाता के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के 98 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता सावित्री मेहता ने होम वोटिंग के जरिए मतदान किया। मतदान प्रक्रिया संपन्न करने के बाद बुजुर्ग मतदाता ने प्रसन्नता जाहिर की।

****************

केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने अवैध खनन मामले में झारखंड के तीन जिलों साहिबगंज, पाकुड़, राजमहल में छापेमारी की है। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां छापेमारी की है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। बताया गया कि साहिबगंज में सीबीआई ने सात ठिकानों पर छापेमारी की। इस मामले में सीबीआई ने झारखंड समेत पश्चिम बंगाल और बिहार के 17 ठिकानों पर छापेमारी की है।

****************

नहाय–खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से शुरु हो गया। कल छठव्रती खरना का अनुष्ठान करेंगी जबकि सात नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया जायेगा। आठ नवंबर को सबेरे उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही यह महापर्व सम्पन्न हो जायेगा।

****************